## खबर संक्षेप



### गणपति के दरबार में दर्शन करने पहुँच रहे श्रद्धालु

**स्लीमनाबाद।** प्रथम पूज्य देव, विघ्न विनाशक गणपति, गजानन का दस दिवसीय गणेशोत्सव का पावन पर्व चल रहा है।घरो सहित विशाल पंडालो में गणपति विराजमान है।जहां पूजा अर्चना का दौर सुबह व शाम चलता है। विशेषकर शाम के समय प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में भक्त गणपति बप्पा के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। शाम के समय गणेश झांकियों के दर्शन कर भक्तिमय भाव की ओर भक्त दिख रहे है। देर शाम तक गणेश पंडालो मैं भजन संकीर्तन व रामायण मंडलों के द्वारा रामचरित मानस पाठ किया जा रहा है। वही महिलाओं के द्वारा भी देर शाम तक घरों व पंडालो मैं भी भजन संकीर्तन किये जा रहे है। साथ ही सुंदरकांड पाठ भी आयोजित किया जा रहा है। 6 सितंबर को विशाल चल समारोह अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय मैं निकाला जाएगा। जहां चल समारोह नगर भ्रमण करते हुए कटनी नदी पहुचेंगा जहां गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा। गणेश प्रतिमा विसर्जित के लिए घाटों मैं साफ-सफाई की जा रही है। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर कन्यापूजन कर कन्याभोज होगा।साथ ही विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### जगुआ में कई महीने से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर

**बरही।** तहसील अंतर्गत जगुवा के स्कूल परिसर में लगा ट्रांसफार्मर कई महीनों से खराब होकर बंद पड़ा है। गांव के करीब 200 कनेक्शनधारी अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं। जंगली जानवरों का खतरा मंडराता रहता है कुछ महीने पहले वहीं स्कूल परिसर के पास बाघ ने एक आदमी पर हमला कर घायल कर दिया था। बफर जोन जंगल का एरिया कुछ ही दूर से सटा हुआ है आये दिनों जंगली जानवरों का मोमेंट बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप हैं कि कई बार विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी खितौली जेई को मौखिक व लिखित सूचना व 181 में व 1912 में शिकायत दर्ज कराई गई पर आज दिनांक तक सुधार नहीं हुआ। स्कूल परिसर में वैसे ही खतरा बना रहता है। बड़ी लाइन स्कूल परिसर के पास लगी हुई है। करंट 24घंटे बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है की स्कूल परिसर से ट्रांसफार्मर हटाकर दूसरे स्थान में परिवर्तित किया जायें जिससे कनेक्शनधारियों को भी बिजली मिल सकें विद्युत मंडल के अधिकारी नहीं सुन रहे। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक संजय पाठक को आवेदन पत्र देकर विद्युत समस्या से निजात दिलवाने की मांग की है।

### वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की दो बाइकें बरामद

**कटनी।** माधवनगर थाना की निवार चौकी पुलिस ने दो बाइक चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित से बाइक बरामद कर ली गई हैं। जानकारी के अनुसार, ग्राम तखला निवासी मैहर शरण नाहर और ग्राम निवार पहाड़ी निवासी अंकुश विश्वकर्मा की बाइक चोरी होने पर थाना माधवनगर में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए थे। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने संदेही मनोज यादव पिता फूलचंद यादव निवासी ग्राम पौनिया को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने दोनों बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर देवरीसानी रोड सिद्धबाबा नाले के किनारे झाड़ियों से दोनों मोटरसाइकिल बरामद कर ली गईं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी नेहा मौर्य, सउनि रमाकान्त दुबे, सउनि कमलेश्वर शुक्ला, प्र.आर. मनीष कुमार, प्र.आर. देवेश कुमार, आर. अरविन्द कुशवाहा और आर. वकील यादव की भूमिका रही।

## कलेक्टर ने उर्वरक उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा कर दिये निर्देश

# कालाबाजारी पर करें सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी एसडीएम और कृषि, सहकारिता और मध्यप्रदेश विपणन संघ के अधिकारियों को ताकीद किया है कि जिले में उपलब्ध उर्वरक की उचित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करते हुये किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से निरंतर संवाद करें और उनके संपर्क में रहें। उर्वरक वितरण व्यवस्था की पुख्ता निगरानी की जाय और यह सुनिश्चित किया जाय कि किसानों को उनकी जरूरत का उर्वरक उन्हें उपलब्ध हो सके। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे डबल लॉक, पैक्स और निजी विक्रय केन्द्रों का आकस्मिक सत्यापन करने के साथ उनकी गहन मॉनिटरिंग भी करें।

### कड़ी निगरानी रखने हिदायत

कलेक्टर ने कृषि, सहकारी बैंक, विपणन संघ के अधिकारियों को संबंधित क्षेत्र के एसडीएम के सतत संपर्क में रहकर उर्वरक वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिले में नीम कोटेड यूरिया सहित सभी प्रकर के उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सभी किसानों को जरूरत के मुताबिक उर्वरक मुहैया कराई जायेगी।

बैठक में चर्चा के दौरान उपसंचालक कृषि डॉ. आरएन पटेल ने बताया कि गुरूवार तक जिले के लिए 490 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया की एक और खेप झुकेही रैक प्वाइंट पर आ जायेगी।

### करें सख्त कार्रवाई

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये है कि उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण, टैगिंग और नकली उर्वरक विक्रेताओं और इस कार्य में संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाय। जिले में अब तक 6 उर्वरक विक्रेताओं के लायसेंस निरस्त किये गये हैं और 1 विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

### बरतें पूरी पारदर्शिता

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक वितरण व्यवस्था में पूरी तरीके से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाय। बेहतर से बेहतर वितरण व्यवस्था किया जाय ताकि सभी किसानों को उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने इस कार्य से पटवारियों और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों सहित जरूरत के मुताबिक अन्य मैदानी अमले की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियो को हिदायत दी कि वे उर्वरक उपलब्धता और वितरण से संबंधित जानकारियों से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और किसान संगठनों के पदाधिकारियों को अवश्य अवगत करायें।

इसके अलावा कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोगी कृषि यंत्र हैप्पी सीडर और सुपर सीडर के उपयोग हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने, अनुदान पर कृषि यंत्र खरीदने सहित फसल बीमा एवं पंजीयन प्रक्रिया के संबंध में भी कार्यवाही करने की हिदायत दी।

बैठक में अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता, एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल, उपसंचालक कृषि डॉ. आर एन पटेल, जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी और सहायक आयुक्त सहकारिता राज्यवर्धन कुरील सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# तस्कर से डेढ़ लाख रूपए कीमती गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



बरही पुलिस ने एक तस्कर के पास से करीब डेढ़ लाख रूपए कीमती गांजा बरामद किया है। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बरही शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को ग्राहक के इंतजार में गांजे के साथ खड़े हुए पकड़ा। पुलिस ने 2-3 सितम्बर 2025 की दरमियानी रात, रेलवे स्टेशन पिपरिया कला (बरही) के पास दबिश दी। जहाँ ग्राम खिरहनी निवासी आरोपी बुद्ध राम कोल पिता सुनई कोल उम्र 45 वर्ष को ग्राहक के इंतजार में अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित पकड़ा गया।

पुलिस टीम ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा और उसके कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी में रखा 9 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पकड़े गए गांजे की अनुमानित कीमत डेढ़ लाख बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, उप निरी.विनोद कांत सिंह, सउनि.देवानंद शर्मा, प्र आर. अनिल ठाकुर, प्रआर हरिशंकर तिवारी, आर.पूरन सिंह, आर विवेक यादव, आर गिरवर सिंह, आर राजेश रंजन की मुख्य भूमिका रही।

## सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये निर्देश

# कलेक्टर एवं एसपी ने प्रतिमा विसर्जन स्थल की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बुधवार को कटनी के गाटरघाट और पीरबाबा घाट में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु बनाये जा रहे कृत्रिम विसर्जन कुंडों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इन विसर्जन स्थलों सहित शेष अन्य सभी विसर्जन स्थलों में भी सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने, विसर्जन मार्ग की साफ-सफाई और अस्थायी रूप से सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को प्रतिमा विसर्जन के दौरान सभी विसर्जन कुंडों के चारों ओर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था, घाटों के समीप सुव्यवस्थित और पर्याप्त बैरिकेटिंग, तैराकों की तैनाती, होमगार्ड बल और लाइफ जैकेट सहित कंट्रोल रूम आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने अपर कलेक्टर श्री मिश्र को कंट्रोल रूम सहित सभी विसर्जन कुंडों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सहित व्यवस्थित प्रतिमा विसर्जन की दृष्टि से पर्याप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी ताकीद किया कि सभी विसर्जन कुंडों में विसर्जन प्रारंभ होने के पूर्व से लेकर विसर्जन समाप्ति तक स्थानीय अमले को मुस्तैदी से मौजूद रहने तथा प्रतिमाओं का विसर्जन समय से हो इसकी व्यवस्था करने की हिदायत दी। उन्होंने सभी विसर्जन स्थलों में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता के भी निर्देश दिए।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए गाटरघाट, मोहनघाट, मसुरहा घाट, माईनदी घाट, बाबाघाट, छपरवाह घाट, बिलगवां घाट, सिमरार नदी रपटा (जुहला), पीरबाबा निवार नदी, हनुमान घाट (दोनों तरफ), बजरंग कालोनी स्थित तट, ट्रांसपोर्ट नगर तालाब के पास विसर्जन कुंड, कटाये घाट एवं अमीरगंज तालाब में कृत्रिम विसर्जन कुंड के अलावा नागरिकों की सुविधा को देखते हुए कलेक्टर श्री यादव के निर्देशानुसार चलित कृत्रिम कुण्ड की भी व्यवस्था की गई है। निगमायुक्त द्वारा इन मूर्ति विसर्जन स्थलों और नदी घाटों में अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।

## सीएम के प्रस्तावित बड़वारा प्रवास को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा



विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह की मौजूदगी में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से विकासखंड मुख्यालय बड़वारा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित प्रवास के मद्देनजर यहां पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह, कार्यपालन यंत्री परियोजना क्रियान्वयन इकाई एमके पोनीकर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव और पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा ने सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज) परिसर के मैदान और शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा के मैदान का क्रमश: आम सभा और हेलीपैड बनाने के नजरिये से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपने संभावित बड़वारा प्रवास के दौरान यहां करीब 35 करोड़ 60 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक सर्व सुविधायुक्त सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज) के भवन का लोकार्पण करेंगे।

# ऊर्जा विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं का प्रमुखता से कराया जायेगा निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



भारतीय मजदूर संघ से संबद्धता प्राप्त मध्यप्रदेश ब्राह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन के तत्वाधान में बुधवार को स्लीमनाबाद में प्रदेश कार्यकारिणी की उपस्थिति में कटनी जिले के ऊर्जा विभाग के समस्त आउटसोर्स कर्मचारी की विभिन्न मांगों को लेकर के जन संवाद बैठक का आयोजन किया गया! जिसमें जिले के बिजली कंपनी में कार्य करने वाले समस्त आउटसोर्स कर्मचारी सम्मिलित हुए!

संगठन प्रदेश सचिव सतीश साहू ने बैठक का मुख्य उद्देश्य आउटसोर्स कर्मचारियों को बतलाया कि बिजली कंपनी में विभाग द्वारा 51 हजार नवीन पदों पर स्वीकृति प्रदान की है! जिसमें वर्षों से कार्यरत समस्त अनुभवी आउटसोर्स कर्मचारियों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से बिजली विभाग में संविलियन किया जाए व इसके साथ ही पूरे जिले में समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी चर्चा हुई तथा संगठन की आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में कर्मचारियों को अवगत कराया गया।

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश ब्राह्यस्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन पूरे प्रदेश भर में कर्मचारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है! प्रदेश महामंत्री राहुल मालवीय के द्वारा विभाग में सम्मेलन की मांग को लेकर चर्चा की। इस दौरान प्रदेश सचिव सतीश साहू, संदीप रजक, कृष्ण सोनी, दुर्गेश जायसवाल ,दिनेश रजक, अनिकेत शेजवाल ,राजेश पटेल ,महेंद्र विश्वकर्मा ,रामस्वरूप साहू ,वासुदेव यादव ,संजय साहू ,अनिल तिवारी,अंकुश पांडे ,राम दुबे आदि मौजूद रहे।

## कृषि विभाग की संगोष्ठी में एसडीएम ने दिए निर्देश

# किसानों को न हो कोई समस्या, सभी नगद केंद्रों में खाद की हो उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



जनपद सभागार बहोरीबंद मै एसडीएम राकेश चौरसिया की अध्यक्षता में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी, उन्नत व प्रगतिशील कृषक,कृषि विभाग के अधिकारी सम्मिलित रहे। बैठक में वर्तमान उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा, नैनो यूरिया, नैनो डी ए पी ,जल विलेय उर्वरकों को बढ़ावा देने, पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम राकेश चौरसिया ने नगद खाद विक्रय केंद्र प्रभारियों व कृषि विस्तार अधिकारियो को निर्देशित किया कि खाद कि समस्या से किसान परेशान न हो। खाद की उपलब्धता किसानों को हर संभव कराई जाये। खाद वितरण के समय किसान की ऋण पुस्तिका मै खरीदी गई खाद की मात्रा अनिवार्य रूप से अंकित करें साथ ही सभी किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलो का बीमा आवश्यक रूप से कराये।

वहीं एसए डीओ आर के चतुर्वेदी ने नरबाई/पराली प्रबंधन में हेप्पी सीडर/सुपर सीडर की उपयोगिता, इनका आन लाईन पंजीयन, प्रधानमंत्री फसल बीमा के लाभ व महत्व पर चर्चा, आईएनएमआई पी एम योजना के तहत सभी किसानों के लिए, खरीद किये गए कृषि आदान कीटनाशक , फफूदनाशी, तथा खरपतवार नाशी पर , पचास प्रतिशत अनुदान लाभ लेने के साथ साथ वर्तमान खरीफ फसलों में कीट-ब्याधि प्रकोप की प्रारंभिक स्थिति व नियंत्रण के उपाय पर तकनीकी सलाह पर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं उन्नतशील कृषक गोविंद पटेल ने नरवाई व पराली प्रबंधन मै हैप्पी सीडर की उपयोगिता पर अपने अनुभव साझा किये।

एसडीएम राकेश चौरसिया ने एसएडीओ आर के चतुर्वेदी को निर्देशित किया कि आगामी दिनों मै कृषि व सहकारिता विभाग के साथ किसानों की संयुक्त बैठकों का आयोजन स्लीमनाबाद, बाकल, बचैया मै आयोजित की जाये।

## निगमायुक्त ने वसूली कार्य एवं लोक अदालत की पूर्व तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# वसूली कार्य में रूचि न लेना तीन कर्मचारियों को पड़ा मंहगा, रोका वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने बुधवार को निगम की राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक के दौरान बकाया वसूली कार्य में रूचि न प्रदर्शित करने वाले तीन राजस्व कर्मचारियों पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके अगस्त माह के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने वसूली दल के कर्मचारियों को ताकीद करते हुए हिदायत दी कि बकाया वसूली कार्य के किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वसूली कार्य आपका नैतिक दायित्व है। अतः सभी अधिकारी कर्मचारी अपने अपने दायित्वों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता एवं पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ करें।

बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक, मुकेश राजपूत, प्रकाश पांडे, लवकुश तिवारी सहित राजस्व एवं जल प्रदाय विभाग के वसूलीकर्ता दल की उपस्थिति रही।

### वसूली का लक्ष्य करें निर्धारित

निगमायुक्त श्री दुबे ने राजस्व वसूली दल को रोजाना की वसूली का लक्ष्य निर्धारित कर बकायादारों से नियमित संपर्क स्थापित करते हुए बकाया राशि निगम कोष में जमा कराने के निर्देश दिए। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं होने पर शासन के माध्यम से मिलने वाला अनुदान प्रभावित होने से कर्मचारियों को प्रतिमाह मिलने वाले वेतन के आहरण में दिक्कतों का सामना करने की जानकारी से भी अवगत कराते हुए पूर्ण मनोयोग से वूसली कार्य करनें की हिदायत वसूली अमले को दी।

निगमायुक्त श्री दुबे ने बैठक के दौरान 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की पूर्व तैयारियों की समीक्षा भी विस्तार से की। इस दौरान विगत लोक अदालत की कम वसूली पर असंतोष व्यक्त करते हुए शेष बचे दिवसों में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने की हिदायत उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को दी। निगमायुक्त ने दल को निर्देशित करते हुए बकाया करदाताओं के शत प्रतिशत बिलों का वितरण करने, दूरभाष एवं मैसेज के माध्यम से बकाया राशि ,लोक अदालत आयोजन तिथि तथा बकाया राशि जमा करने पर मिलने वाली छूट की जानकारी से करदाताओं को अवगत कराते हुए उनके संपर्क कर राशि बकाया राशि निगम कोष में जमा करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान राजस्व विभाग एवं जल प्रदाय शाखा के वसूली दल के कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# घुघरा में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन आज होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में गुरूवार 4 सितंबर को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।

जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में गुरूवार 4 सितंबर को लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के बाद जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत अमरगढ़ में गुरूवार 11 सितंबर को लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार 18 सितंबर को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत कुआं में, ग25 सितंबर को जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत धरवारा में, 9 अक्टूबर को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत पिलौंजी में, 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत देवराकलां में, 23 अक्टूबर को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में और 30 अक्टूबर को बहोरीबंद के ग्राम पंचायत किरहाई पिपरिया में लोक सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## खबर संक्षेप



### दशलक्षण पर्व पर मुनिश्री ने उत्तम तप का बताया महत्व

**कटनी।** दि.जैन समाज पंचायत समिति के द्वारा आयोजित दशलक्षण पर्व कें सांतवे दिन जैन बोर्डिंग हाउस में मुनिश्री पदम सागर महाराज ने उत्तम तप धर्म पर चर्चा करते हुये कहां उत्तम तप का वर्णन पूजा में आता है। तप चाहे सुर राह परम शिखर को वज्र है अर्थात देवों के भी अधिपति इन्द्र जिस तप को चाहते है वे चाह कर भी तप नहीं कर सकते उन्हें तप करने के लिए मनुष्य पर्याय को प्राप्त करना होगा। मुनि श्री ने आगे कहा कि उत्तम तप द्रव्य कर्म और भावकर्म रूपी पर्वत को नाश करने के लिये वज्र के सामान है। तप दो प्रकार के होते है आहार का संयम, याने वाह्य तप, अनशन,अवमौदर्य, व्रत परिसंख्यान, काय-उत्सर्ग, अर्थात शरीर और दूसरा अंतरंग तप होता है। जिसमें प्रायशिचत,विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय,व्युत्सर्ग, और ध्यान। मुनिश्री ने आगे कहा कि अंतरंग और बहिरंग दोनो से आत्मा की कर्मवंदन से शुद्धि होती है और आत्मा मोक्ष के पद पर अग्रसर होती है। शांतिधारा करने का सौभाग्य विनय वंदना जैन मिर्जापुर, हाउसिंग बोर्ड के श्रद्धालु बन्धुओ को देव कुमार शास्त्री परिवार, सनत सिंघई को प्राप्त हुआ ।

### घुमंतु मवेशियों को हटाने की गई कार्यवाही

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम की हांका गेंग द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु रोजाना अभियान चलाकर विभिन्न प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों की सुगम यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे मवेशियों को मार्ग से पृथक करने के साथ ही काउ कैचर वाहन के माध्यम से गौशाला एवं कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि हांका गेंग के माध्यम से विगत रात्रि पन्ना मोड़ मुख्य मार्ग, कुठला थाना, ट्रांसपोर्ट नगर, चाका बाईपास मार्ग, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, जिला न्यायालय मुख्य मार्ग, झिंझरी एवं पीरबाबा पहुंच मार्ग में आवारा रूप से विचरण कर यातायात एवं सफाई व्यवस्था को बाधित कर रहे मवेशियों को मार्ग से अलग कर गौशाला एवं कांजी हाउस भेजनें की कार्यवाही हांका गेंग की टीम द्वारा की जाकर सुगम आवागमन मुहैया कराने के प्रयास किये गए। स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनी ने नागरिकों से अपने मवेशियों को सड़कों पर नहीं छोड़ेनें का आग्रह किया है।

### पर्वो में विशेष सफाई

**कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। गणेश उत्सव, पर्युषण पर्व एवं आगामी ईद मिलाजुन्नबी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मंदिरों गणेश पंडालों, घाटों जैन मंदिरों, जैन बोर्डिंग सहित विभिन्न मस्जिद के आसपास तथा पहुंच मार्गो की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी जारी है।

# शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भगवान श्री गणेश की भक्ति की बह रही बयार, गूंज रहे जयकारे



शेर चौक कटनी में स्थापित गणपति बप्पा की प्रतिमा।



जालपा देवी मंदिर पहुंच मार्ग के विराजे श्री गणेश



कन्या हाईस्कूल सिलौड़ी में विराजे श्री गणेश।



सोनी मोहल्ला में विराजे गणपति बप्पा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की भक्ति आराधना का पर्व गणेशोत्सव की जिले भर में धूम है। सुसज्जित पंडालों से लेकर घरों में गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। दस दिवसीय पर्व की शुरूआत से ही विविध धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चल रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में विध्नहर्ता की भक्ति में श्रद्धालु डूबे नजर आ रहे हैं। मंदिरों में भी भजन कीर्तन आरती आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पंडालों में सुबह एवं शाम आरती के समय श्रद्धालुओं की भीड़ देखने मिलती है। शहर के विभिन्न तिराहे, चौराहों सहित अन्य स्थानों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में सबसे ज्यादा रौनक नजर आ रही है। यहा स्थापित श्री गणेश की विशाल एवं मनोहारी प्रतिमा के दर्शनार्थ के साथ ही मेले जैसा नजारा बना हुआ है। यहां खानपान के विभिन्न व्यंजनों के साथ ही बच्चों के लिए खिलौनी एंव महिलाओं के लिए सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की दुकानें लगाई गई हैं।

### श्री गणेश की विभिन्न रूपों वाली प्रतिमाएं

शहर हो चाहे ग्रामीण अंचल, सुसज्जित पंडालों में मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश की विभिन्न रूपों वाली प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। पंडालों को आकर्षक बनाने के लिए रंगीन विद्युत लाइटें लगाई गई है। शाम के समय अंधेरा होते हुए रंगीन विद्युत रोशनी से पंडाल सहित आसपास का क्षेत्र जगमग हो उठता है। भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के दर्शनार्थ भी लोग पहुंच रहे हैं।

माता गौरी के लाल की भक्ति आराधना का पर्व गणेशोत्सव का समापन 6 सितंबर को प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही होगा। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए बीते वर्षों की भांति इस साल भी प्रशासनिक स्तर पर प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कृत्रिम कुंण्डों का निर्माण किया गया है। घाटों के पास बनाए गए कृत्रिम कुण्डों के पास पर्याप्त मात्रा प्रकाश व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी प्रशासनिक स्तर पर किये जा रहे हैं।



थाना बड़वरा हनुमान मंदिर में स्थापित विघ्नहर्ता।



अष्ट विनायक गणेशोत्सव समिति, बड़वारा।



शारदा मॉडल स्कूल बड़वारा में विराजे गौरी नंदन।



मेन बाजार हनुमान मंदिर भुड़सा में श्री गणेश।

*अतिक्रमण हटाने के लिए एक सप्ताह का दिया गया समय*

# वन विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची, ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा तहसील में अतिक्रमण हटाने को लेकर गहमा गहमी का माहौल बन गया। वन विभाग की टीम करीब 100 एकड़ सरकारी जमीन से भरतपुर गांव के आदिवासियों द्वारा खेती के लिए तैयार की जा रही थी। वन विभाग की कार्रवाई का विरोध करते हुए, सैकड़ों आदिवासी महिला और पुरुष जेसीबी मशीनों पर चढ़ गए और टीम को काम करने से रोक दिया।

वन विभाग के एसडीओ जया पांडे और रेंजर अजय मिश्रा अपनी टीम के साथ दो जेसीबी मशीनें लेकर मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उन्हें इस सरकारी जमीन पर अवैध रूप से खेती की तैयारी की शिकायत मिली थी। जैसे ही टीम ने काम शुरू किया, गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

हालात तनावपूर्ण होने पर, ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से एक सप्ताह के भीतर जमीन खाली करने के लिए कहा।

अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी जमीन पर कब्जा करना कानूनी अपराध है और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। ग्रामीणों ने वन विभाग पर मनमाने तरीके से कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों ने बताया कि यह जमीन उनके पूर्वजों के समय से उनके कब्जे में है और वे इस पर खेती की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने पहले भी अधिकारियों से इस मामले की शिकायत की थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने जबरन कार्रवाई की तो वे जिला मुख्यालय में उग्र प्रदर्शन करेंगे।।

इस मामले में एसडीओ जया पांडे ने बताया कि उन्हें 4-Z श्रेणी की इस सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी, जिसके बाद वे इसे हटाने के लिए गए थे। उन्होंने कहा कि पुलिस और तहसीलदार के हस्तक्षेप के बाद फिलहाल ग्रामीणों को एक सप्ताह का समय दिया गया है ताकि वे शांतिपूर्वक जमीन खाली कर दें।

## विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत




हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप मे मनाया जाता है। इस अवसर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगितायें विकासखंड बहोरीबंद मै आयोजित की गई जिसमें दौड़, गोला फेंक, तवा फेंक, भला फेंक सहित अन्य खेलकूद गतिविधियाँ आयोजित की गई। साथ ही फिटनेस अवैयरनेस के लिए रैली का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने सम्मान कार्यक्रम बुधवार को स्लीमनाबाद मै आयोजित किया गया जहाँ खेल कूद प्रतियोगिताओं मै भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान खेल समन्वयक चेतना झा,शैलेन्द्र जाट,प्राचार्य डी के ठाकुर, ए पी सिंह, संतोष सिंह, सलमान अहमद उपस्थित रहे।

**करों से संबंधित लंबित प्रकरणों में करदाताओं को मिलेगा भारी छूट का लाभ**

# नगर निगम सहित जोन कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम कटनी द्वारा शनिवार 13 सितंबर को निगम कार्यालय सहित बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधव नगर उप कार्यालय, सुभाष चौक में भी नेशनल लोक अदालत शिविर आयोजित किए जाएंगे।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे ने निगम के सभी करदाताओं से 13 सितंबर को आयोजित होने वाली इस लाभकारी लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

नगर निगम द्वारा लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर राजस्व विभाग एवं जल प्रदाय विभाग के माध्यम से करदाताओं को फोन कॉल करने के साथ-साथ एसएमएस के माध्यम से लोकअदालत एवं बकाया देयक राशि सूचना दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक करदाता लोक अदालत के आयोजन से लाभांवित हो सके।

### अधिभार में मिलेगी छूट

इस संबंध में राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि शनिवार 13 सितंबर को प्रातः 10 बजे से शाम 06 बजे तक नगर निगम मुख्यालय के साथ-साथ चिन्हित चार अन्य स्थलों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान लंबे समय से लंबित राजस्व से संबंधित प्रकरणों का भी निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि करदाताओं से बकाया वसूली के लिए घर-घर सम्पर्क, एसएमएस, कॉल से सम्पर्क किया जा रहा है। लोक अदालत में शासन द्वारा तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप करदाताओं को बकाया अधिभार की राशि में छूट प्रदान की जायेगी।

*स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीमारियों से बचाव के लिए दी गई सलाह*

# मौसमी बीमारियों का प्रकोप, अस्पतालों में रोजाना उमड़ रही मरीजों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान




मौसम के बदलते मिजाज ने लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालना शुरू कर दिया है। दिन में तेज धूप और तपन तो रात में उमस और ठंडक ने मौसमी बीमारियों को बढ़ावा दे दिया है। बीमारियों के चलते उमरियापान शासकीय अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सामान्य दिनों की तुलना में इस समय ओपीडी में मरीजों की संख्या लगभग दोगुनी हो चुकी है। सुबह से ही रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों की लंबी कतारें लग जाती हैं। वहीं डॉक्टरों के पास लगातार मरीज अपना इलाज कराने पहुंच रहे हैं।

भर्ती वार्ड में भी बेड की कमी होने लगी है। कई मरीजों को बैठने की जगह तक नहीं मिल पा रही।

तेजी से बढ़ रहे मौसमी रोगः- मौसम परिवर्तन और हाल ही में हुई बरसात के कारण लोगों में बुखार, सर्दी-खांसी, पेटदर्द, आंखों में जलन, शरीर दर्द, डायरिया, उल्टी, मलेरिया, पीलिया, टायफाइड जैसी बीमारियां बढ़ गई हैं। इसके साथ ही ब्लड प्रेशर और शुगर के मरीजों की संख्या भी अस्पताल में लगातार बढ़ रही है। मंगलवार को ओपीडी और आईपीडी में करीब चार सौ मरीज इलाज कराने पहुँचे। बरसात के बाद जगह-जगह जमा गंदा पानी और गंदगी संक्रमण का कारण बन रही है। यही वजह है कि डायरिया, मलेरिया और टायफाइड जैसे रोग तेजी से फैल रहे हैं।डॉक्टरों के अनुसार मौसम में अस्थिरता और अस्वच्छ खान-पान ही इसके मुख्य कारण हैं।

### इनका कहना है

बीएमओ उमरियापान बी. के. प्रसाद ने बताया कि लोगों को इस मौसम में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। जितना हो सके फास्ट फूड से परहेज करें। केवल स्वच्छ सब्जियों और शुद्ध पेयजल का ही उपयोग करें। घर और आसपास की साफ-सफाई का ध्यान रखें। इन उपायों से मौसमी बीमारियों के प्रकोप से बचा जा सकता है।ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोग समय पर सतर्क हो सकें।

**18 विभागों की 25 से अधिक शासकीय योजनाओं का मिलेगा लाभ**

# जिले के 199 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के लिए बनेगी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के 199 जनजातीय बाहुल्य गांवों को आदि कर्मयोगी अभियान में शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर इस अभियान के गांव स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से मंगलवार को आदि कर्मयोगी अभियान के रेस्पांसिव गवर्नेन्स प्रोग्राम-2025 के तहत जिला स्तरीय मास्टर्स ट्रेनर्स का 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण में जिला संयोजक जनजातीय विभाग विमल कुमार चौरसिया की विशेष उपस्थिति रही।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त जिला स्तरीय मास्टर्स ट्रेनर्स क्रमशः एसपी त्रिपाठी, सुरेश बरोले, आलोक पाठक, अनिता उसरेठे, अविनाश परौहा, विजय लक्ष्मी मरावी और इंद्र कुमार साहू द्वारा विकासखंड स्तरीय मास्टर्स ट्रेनर्स को विभिन्न एक्टिविटी एवं रोल प्ले कर जनजातीय ग्रामों में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के नजरिये से बारीकियों की विस्तार से जानकारी दी गई।

### ताकि जीवन स्तर हो ऊंचा

श्री चौरसिया ने बताया कि इस 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए प्रभावी रोडमैप तैयार किया जाएगा। ताकि जनजातीय गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका एवं सामाजिक विकास जैसे विभिन्न आयामों में उल्लेखनीय सुधार कर उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाया जा सके।

प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि क्षमता निर्माण पहलों, जागरूकता सृजन और सहयोगात्मक साझेदारियों के माध्यम से जनजातीय गांवों को आत्म निर्भर, समतामूलक और सांस्कृतिक रूप से निहित विकास योजनाओं को साकार कर सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करना है।

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत इस प्रशिक्षण के बाद विकासखंड स्तर पर विकासखंड स्तरीय मास्टर्स ट्रेनर का भी 2 दिवसीय प्रशिक्षण प्रत्येक विकासखंड में आयोजित किया जाएगा। विकासखंड स्तर पर संबंधित एसडीएम (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व) आदि कर्मयोगी ग्रुप के अध्यक्ष तथा सीईओ जनपद पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जबकि ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव व ग्राम रोजगार सहायक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कर्मयोगी अभियान के तहत चरणबद्ध समय-सीमा में सभी गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार कर महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा में अनुमोदित कराया जाएगा।

### शासन की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने पहल

उल्लेखनीय है कि जिले के 199 जनजातीय ग्रामों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा पिछड़े और जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के कार्य को नई दिशा देने हेतु एक नई पहल की गई है। जिसे आदि कर्मयोगी नाम दिया गया है। इस अभियान के तहत जिले के सभी चिन्हित 199 गांवों के पात्र जनजातीय परिवारों को 18 विभागों की 25 से अधिक शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित कर शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित किया जाएगा।

# मारपीट के आरोपियों को 15 महीने का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

पुरानी बुराइयों को लेकर मारपीट करने वाले 2 आरोपियों को ढीमरखेड़ा न्यायालय ने 15-15 महीने के कारावास की सजा सुनाई है। मामला साल 2019 का है। उमरियापान पुलिस ने प्रकरण को जांच के बाद न्यायालय में पेश किया।

### यह हुई थी घटना

सहायक लोक अभियोजन अधिकारी विनोद सिंह लोधी ने बताया कि 15 मई 2019 को उमरियापान थाना क्षेत्र के भनपुरा खुर्द निवासी कैलाश गडारी और उसकी पत्नि रुनती बाई खेत से काम कर वापस घर लौट रहे थे। उसी समय गांव के ही राजकुमार गडारी और रामलाल गडारी ने घर के सामने उन्हें रोक दिया।पुरानी बुराइयों को लेकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर फरियादी के साथ मारपीट की।फरियादी की पत्नि ने बीच बचाव किया तो दोनों भाइयों ने महिला के साथ भी मारपीट की। जिससे दोनों को गंभीर चोट आई।

### 8 हजार रूपए अर्थदंड

घटना की रिपोर्ट फरियादी ने उमरियापान पुलिस थाने पर की। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर जांच के बाद अभियोग पत्र ढीमरखेड़ा न्यायालय में प्रस्तुत किया। यहां विचारण के बाद ढीमरखेड़ा न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायाधीश पूर्वी तिवारी द्वारा आरोपी राजकुमार एवं रामलाल पर दोषसिद्ध होने पर उन्हें 15-15 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 8 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित भी किया।

**नाम परिवर्तन**

मैं रूकमणी सिंह रघुवंशी पति श्री कृष्णपाल सिंह रघुवंशी आयु लग. 53 वर्ष निवासी-महाकौशल पुरम के पास, तिलक कालेज रोड, खेर माई मंदिर, छोटी खिरहनी कटनी, तह. व जिला कटनी (म.प्र.) पिनकोड नं. 483501 का शपथपूर्वक अधोलिखित कथन करती हूँ। मैं शपथकर्ती उपरोक्त वर्णित पते की स्थायी निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड नं.4651-7587-5587 में मेरा नाम रुकमणी सिंह रघुवंशी **Rukmani Singh Raghuwanshi** दर्ज है एवं पेन कार्ड नं.**DEGPR**2752**F** में मेरा नाम रूकमणी सिंह रघुवंशी और मुझ शपथकर्ती की पुत्री के आधार कार्ड तथा पेन कार्ड में मेरी पुत्री का नाम रूपाली सिंह रघुवंशी **Rupali Singh Raghuwanshi** दर्ज है एंव मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकार्ड नं. 2987601**F** यूनिट नं. (25 राजपुत) राजपुत रजिमेंट सेंटर फतेहगढ़ पिनकोड नं. 209601 में मुझ शपथकर्ती का नाम रूकमणी देवी **Rukmani Devi** दर्ज है और मेरी पुत्री का नाम रूपाली **Rupali** दर्ज है। मुझ शपथकर्ती का नाम आधार कार्ड के अनुसार रूकमणी सिंह रघुवंशी **Rukmani Singh Raghuwanshi** तथा मेरी पुत्री के आधार कार्ड के अनुसार रूपाली सिंह रघुवशी **Rupali Singh Raghuwanshi** का सही नाम आर्मी रिकार्ड में दर्ज करवाने के सम्बन्ध में यह शपथ-पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करती हूँ।

शपथकर्ती
रूकमणी सिंह रघुवंशी

# गणेशोत्सव की धूम: जिले में जगह जगह सजी विघ्नहर्ता मंगलमूर्ति की आकर्षक झांकियां, दर्शनों को उमड़ रही भीड़


तारादेही। आरूष किडस एकेडमी स्कूल ।


तारादेही। मनोहर लोधी के घर पर विराजे श्रीगणेश ।


तारादेही। सत्ती माता मंदिर परिसर।


तेंदूखेड़ा। गौशाला मार्ग पर धनवेश साहू के निवास पर


तेंदूखेड़ा। पत्रकार विशाल व दीपक रजक के निवास पर


पटेरा। शिव मंदिर के पास सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति।

# धूमधाम से हुई अग्रसेन की 48वीं महा आरती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा प्रत्येक माह के पहले हफ्ते में महाराजा अग्रसेन की महाआरती का आयोजन किया जाता है जिसके क्रम में फुटेरा वार्ड दो स्थित अग्रसेन महाराजा अग्रसेन मंदिर में 48 वी महा आरती का आयोजन किया गया। पंडित बृजेश पाठक के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश माता लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन का पूजन अर्चन किया गया जिसके बाद महा आरती का आयोजन किया गया जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। महा आरती में मुख्य रूप से महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष रमा अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, ट्रस्ट अध्यक्ष जीवनलाल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रविशंकर अग्रवाल, जन जागरण समाज कल्याण समिति स्वप्नेश अग्रवाल, डॉ अशोक अग्रवाल, अधिवक्ता विनोद अग्रवाल, प्रभुणारायण विजय, अनिल लखनलाल, मदन मोहन, केदारनाथ, नंद किशोर, तरुण, वैभव वीरेंद्र सक्षम, बीरेंद्र आकाश, अंकित बबीता, रिद्धि रोशनी निशा प्रीति अर्चना संजना अनीता प्रमिला नीलम गायत्री कुसुम परी समृद्धि गौरी विराज हर्ष आदित्य हर्षिता विशेष सहित बड़ी संख्या में अग्र बंधुओ की उपस्थिति रही।

# इच्छाओं पर नियंत्रण ही तप: उत्तम तप धर्म पर आयोजन

**बनवार।** जैन दर्शन के दस लक्षण पर्व के अंतर्गत बुधवार को ग्राम सगरा में उत्तम तप धर्म का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। माना जाता है कि आत्मा की शुद्धि के लिए किया गया तप ही परम साधना है। प्रातःकाल अभिषेक, शांतिधारा, पूजन और विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। सायंकालीन आरती और प्रवचन के बाद जैन पाठशाला के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से माहौल को भक्ति और उल्लास से भर दिया। भक्ति गीत, नृत्य और प्रेरणादायक नाटिकाओं ने सभी का दिल जीत लिया। मीडिया प्रभारी प्रदीप जैन निराला ने प्रवचन में कहा कि इच्छाओं पर पूर्ण नियंत्रण ही वास्तविक तप है। उन्होंने बारह प्रकार के तपों का विस्तार से उल्लेख करते हुए अनशन तप, रस परित्याग, वृति परिसंख्यान, कायोत्सर्ग, स्वाध्याय, वैय्या वृत्ति, व्युत्सर्ग और ध्यान तप का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि निरंतर तप और स्वाध्याय से ही कर्मों की निर्जरा होती है और आत्मा की शुद्धि संभव है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे, जिनकी भागीदारी ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।



# भगवान श्री गणेश को छप्पन भोग किए गए अर्पित



**दमोह।** शहर के असाटी वार्ड नंबर 1 स्थित संस्कार भवन में असाटी समाज दमोह द्वारा चल रहे गणेश उत्सव में मंगलवार को भक्ति और श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर भगवान श्री गणेश को छप्पन भोग अर्पित किए गए और भव्य महा आरती का आयोजन हुआ, जिसमें वरिष्ठ समिति, नवयुवक मंडल समिति, महिला समिति व बड़ी संख्या में असाटी समाज के लोगों की उपस्थिति रही। एवं उपस्थित लोगों ने हाथ जोड़कर विघ्नहर्ता से सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की,इस दौरान समाज के गणमान्य नागरिकों, महिलाओं और युवाओं ने बड़ी आस्था के साथ सहभागिता दी। आयोजन असाटी समाज समिति के सदस्यों ने बताया कि गणेश उत्सव के तहत प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे। एवं वातावरण गणेश भक्ति से सराबोर रहा और ₹गणपति बप्पा मोरया₹ के जयकारों से गूंजता रहा।

# बहेरिया गांव में शराबबंदी की बिगुल, नियम तोड़ने पर लगेगा जुर्माना



**बनवार।** जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत कुलवा के ग्राम बहेरिया ने शराबबंदी की मिसाल पेश करते हुए कड़ा निर्णय लिया है। भगवती मानव कल्याण संगठन के सहयोग से आयोजित ग्राम सभा में सर्वसम्मति से यह फैसला किया गया कि गांव में अब शराब की बिक्री और सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ग्राम सभा में तय किया गया कि शराब बेचने वालों पर 10,000 का जुर्माना, सहयोगियों पर 3,000 और शराब पीकर गाली-गलौज या उपद्रव करने वालों पर 5,000 का जुर्माना लगाया जाएगा। गांव की महिलाओं ने भावुक होकर बताया कि शराब ने कई घरों को बर्बाद कर दिया है, यहां तक कि किशोर भी इसकी गिरफ्त में आ चुके हैं। मझली साहू ने कहा, "मेरा 13 साल का नाती शराब का आदी हो गया है, दो-दो दिन घर नहीं लौटता और जो भी कमाई होती है, वह शराब में खत्म कर देता है।" बैठक में महेंद्र सिंह लंबरदार, शेर सिंह लंबरदार, उमराव सिंह, गौरव सिंह लंबरदार, राजेश सिंह, पूर्व सरपंच रूपनारायण मिश्रा समेत गांव के वरिष्ठजन मौजूद रहे। संगठन की ओर से किसान मोर्चा प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह और जनपद उपाध्यक्ष रश्मि सिंह ने ग्रामीणों को जागरूक किया और पुलिस प्रशासन से अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि नोहटा थाना क्षेत्र के कई गांवों में पुलिस की मिलीभगत से अवैध शराब की बिक्री जारी है, जिस पर तुरंत कार्रवाई जरूरी है।

# तेजगढ़ मंदिर में विराजमान श्री गणेश जी की प्राचीन प्रतिमा





**तेजगढ़।** दमोह जिला अंतर्गत जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेजगढ़ राजा तेजी सिंह की ऐतिहासिक नगरी है । जहां पर नदी गूरैया के तट पर प्राचीन मंदिर मै ऋद्धि सिद्धि के दादा प्रथम पूज्यनीय एक दंत अष्ट भुजा धारी श्री गणेश जी भगवान की सुंदर प्रतिमा विराजमान है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां के श्री गणेश जी की अनोखी पूजा शनिवार और मंगलवार को सिंदूर चढाया जाता है। यह मंदिर और प्रतिमा राजाओ के समय की है जिनके दर्शन करने से मन को शांति मिलती है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों को जाते है। ग्राम तेजगढ़ में राजाओं के समय के और प्राचीन स्थान देखने को मिलते हैं जैसे किला, हाथी दारवाजा, बाबडी, आज भी है जिनके पत्थर गिरकर खंडहर हो गए। तेजगढ़ से लेकर आसपास के ग्रामोंश्री गणेश जी का उत्सव हर्ष उल्लास से त्योहार को प्रति वर्ष की भांति इस साल भी तेजगढ़ से लेकर ग्राम पतलोनी, हर्रई, पिपरिया उमरिया, सुनवाही, माडनखेड़ा, कोट खमरिया ढोडा छिरकोना बराघाट करौंदी पड़रिया के और अन्य ग्रामों के श्रद्धालुओं ने ग्राम के चौराहों और सार्वजनिक स्थानो पर और ्वयं के ग्राउंड में श्री गणेश जी भगवान की प्रतिमा को पूजा आचरण कर विधि विधान के साथ रखकर सुबह शाम हर्ष उल्लास धूम धाम से पूजा अर्चना करते है। जय गणेश जय गणेश जी के भजनो की गूंज भक्ति भाव से सुनाई देती है। श्री गणेश जी भगवान को पान प्रसाद चढाकर आशीर्वाद लेते हैं।

# भारतीय संस्कृति की आदर्श परम्परा-तप साधना



**तेन्दूखेड़ा।** श्री तारण तरण जैन चैत्यालय जी मे प्रतिदिन मंदिर विधि में भक्त बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिमय संगीत और भजनों के साथ दसलक्षण पर्व मना रहे है। इस अवसर पर उत्तम तप धर्म पर सभी धर्मप्रेमी जनों को सम्बोधित करते हुये बाल ब्रम्ह बसन्त जी महाराज अपने प्रवचनों में बताया कि भारतीय संतो का आदर्श उनका तपमय जीवन है,प्राचीनकाल से ही तपस्या के द्वारा महापुरुषों ने भारत की आध्यात्मिक परम्परा को गौरवान्वित किया है।इच्छा निरोधः तप अर्थात इच्छाओ का निरोध करना तप है।जो पाँच इन्द्रिय औऱ विषयो की आशा से रहित हैं,ज्ञान ,ध्यान और तप में लीन है,वे तपस्वी ही प्रशंसनीय है।

समस्त रागादि विकारी भावों का त्याग करके अपने आत्मस्वरूप में लीन होना तप है अथवा आत्म लीनता द्वारा विकारों पर विजय करना तप हैं। भौतिकता के प्रवाह में बहाव होने के दुष्परिणाम आज हम देख रहे हैं,पाश्चात्य संस्कृति के लोग भौतिक संसाधनो के बाह्य सुखों से ऊबकर भारत के आध्यात्म से अपने अंतर की शांति को प्राप्त करना चाहते हैं,किंतु आश्चर्य हैं कि-अध्यात्म के रंग में डूबे हुये भारत के लोग अपने आध्यात्मिक वैभव को भूलकर पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित होकर दिनोदिन प्रपंचो में उलझते जा रहे हैं। सोलहवीं शताब्दी के महान संत श्रीमद जिन तारण तरण मण्डलाचार्य महाराज ने श्री ममलपाहुड जी ग्रंथ में तप धर्म का स्वरूप बताते हुये कहा है कि-आत्मा में लीन होना ही तप है। संत कबीरदास ने कहा है कि- तप करने वाले योगी विरले ही होते है, मन सब पर असवार है,पैडे करे अनेक।जो मन पर असवार है,सो कोई विरला एक। यहीं सम्यक तप भारतीय सन्तो का आदर्श है। तुझको तपना होगा,मोह को छोड़ना होगा,तभी निज आत्मा को शुद्ध कर सकोगे। इस अवसर पर तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष सेठ संजय जैन ठेकेदार ने कहा कि- दसलक्षण पर्व यह एक ऐसा पर्व है, जो आत्मा की शुद्धि पर जोर देता है। दसलक्षण पर्व इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यह पर्व किसी आडंबर में विश्वास नहीं करता है, बल्कि व्यक्ति को मन व वचन की शुद्धि करने पर जोर देता है।

इस अवसर पर रात्रि बेला में पचंदीप्ति बालिका मण्डल और युवा परिषद के सहयोग से एवं तारण गुरु बसंत मण्डल के द्वारा मूक अभिनय प्रतियोगिता का आयोजन एवं महलों की राजकुमारी,हो गई सयानी,किसी और की हो चली,बिना माँ-बाप की कही मानी नाटिका का मंचन किया जाएगा। प्रतिदिन संगीतकार के रूप में भोपाल से पधारे भजन गायक रूपेश जैन द्वारा अद्भुत गायन के माध्यम से संध्या में भजन- भक्ति का आयोजन किया जाता है,जिसमे सभी आनंद विभोर होकर नृत्य करते हुये भगवान की भक्ति करते है और सुंदर प्रस्तुतियों में अपने को रमा लेते है।

## 109 वर्षों से दंगल का निरंतर आयोजन किया जा रहा है अनेक जिलों से जोर अजमाने आते हैं पहलवान

# पहलवानों ने कुश्ती में पटकनी मार जीता इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा




ग्राम बम्होंरी पाँजी में श्री ठाकुर जी के विमान के विसर्जन के साथ हुआ कुश्ती का महा दंगल का आयोजन हुआ। दंगल में अनेक जिलो के पहलवानों ने कुश्ती के जौहर दिखाकर शील्ड सहित नगद इनाम जीते है। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम बम्होरी में स्वर्गीय ठाकुर जगत सिंह एवं स्वर्गीय ठाकुर जुगराज सिंह के परिवार मैं दिलीप सिंह, चरन सिंह, सुरेश सिंह, हीरासिंह ,रोशन सिह, रघुनाथ सिंह एवं टेकसिंह के द्वारा श्री ठाकुर जी के विमान की स्थापना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को की गई थी। जन्माष्टमी से ही दोनों जगह प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुए। बुधवार की सुबह श्री ठाकुर जी का विधी विधान के साथ हवन पूजन आरती की गई। हवन के उपरांत बैंड गाजे बाजों के साथ श्री ठाकुर जी की शोभा यात्रा निकाली गई जो शोभा यात्रा में ग्राम भ्रमण के दौरान लोग भजन कीर्तन गाते हुए ठाकुर जी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा के समापन के बाद विमान का विसर्जन हुआ। इस दौरान तेंदूखेड़ा पुलिस की कड़ी व्यवस्था रही। ठाकुर जी के विमान के विसर्जन के बाद पूर्व के वर्षो के अनुसार इस वर्ष भी दंगल का आयोजन किया गया। शाम 4 बजे से अखाड़ें में पहलवान उतरने लगे जिनमे बडी इनमी कुष्ती गुडडापाल सलैया एवं चेतन जबलुपर के बीच हुई है। जिसमें रेफरी रविलोधी ने चेतन को कुश्ती में विजय घोषित किया साथ ही 3100 रूपए नगद और शील्ड प्रदान की गई। इसके अलावा विपिन यादव बम्होरी और शिवा जामुनखेड़ा की बीच हुई, रंजीतनाथ सांगा और विकास पाल देवरी के बीच, गोविन्द तेंदूखेड़ा और भानू पांजी के बीच, राजा मालामानगढ और छुटटन यादव रोसरा के बीच हुई, दिलराज नोहटा और रोहित पांजी के बीच, नीलेश पाल सहजपुर और सुनील पाल पिडरई के बीच, निशांत सैलवाड़ा और किशन इमलिया के बीच, नवनीत कानी और गोलूपाल भजियां के बीच, दीप नारायण पाल समनापुर और बंटूमान पुरा के अलाव लगभग 100 कुश्ती हुई है। सभी जीतने बाले पहलवानो को नगट इनाम एवं शील्ड का वितरण किया गया। कुश्ती के अखाडे के रेफरी जागेश्वर तिवारी, कमल सिंह एवं रवि लोधी ने समस्त कुश्ती कराई गई। सबसे बडी खास बात है कि तेंदूखेड़ा ब्लाक के ग्राम सलैया के अखाडे से हर साल बडे बडे पहलवान कुष्ती का जोहर दिखाने आते है और कुष्ती जीतकर इनाम ले जाते है। ग्राम सलैया का बहुत पुराना अखाडा है। सलैया के अखाडे में आस पास के लोग पहलवानी करने पहुंचते है और पहलवान बनते है। दंगल में पूर्व उर्जा राज्य मंत्री दशरथ सिंह, भाव सिंह लोधी, पाटन नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष तेंदूखेड़ा सुरेश जैन सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, परम सिंह वीरेन्द्र सिंह गुडडा सिंह मासाब मनीष मोदी सोमनाथ सोनी रोहित सिंह ठाकुर रैनी पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव अध्यक्ष प्रतिनिधि सतेन्द्र जैन संतोष यादव, लक्ष्मी नामदेव, कृष्णा यादव, सहित सभी दल के नेता मोजूद थे।

# पर्यूषण पर्व के शुभ अवसर पर मनाई सुगंध दशमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र पारस धाम बांदकपुर में स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर में जैन धर्म के सबसे बड़े पर्व पर्युषण पर्व मनाया जा रहा है इस अवसर पर आज उत्तम संयम धर्म के अवसर पर सुगंध दशमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सुबह मंदिर जी में नित्य नियम पूजन अभिषेक के उपरांत लोगों ने धूप खेयी दोपहर में महिलाओं ने सुगंध दशमी का पर्व मनाया। सुगंध दशमी की पूजन के उपरांत एक दूसरों को उपहार सामग्री भेंट की रात्रि कालीन बेला में महिला मंडल के द्वारा आरती का प्रोग्राम रखा गया जिसमें समाज की सभी महिलाओं ने श्रीजी की आरती नाच गा कर की की महिलाओं के द्वारा महिलाओं की ही 1 मिनट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें समाज की सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सांगानेर से आए विद्वान पंडित आकाश जैन घुवारा के द्वारा सभी लोगों को उत्तम संयम धर्म के बारे में प्रवचन दिए इस पर उन्हें सभी लोगों से उत्तम संयम धर्म पालन करने का महत्व बताया कार्यक्रम में अधिक संख्या में पुरुष माताएं बहने बच्चे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष सुनील डबुल्या, प्रकाश जैन, संतोष जैन, प्रदीप डबुल्या, लालू जैन, विनोद जैन, महेंद्र जैन, अभय जैन, इन्द्र कुमार, छोटू, नीरज, अभिनव, निपुण जैन महिलाओं में श्रीमती शांति बाई श्रीमती संतोष रानी श्रीमती सुनीता डबुल्या अनिता लीना विधी जैन नीलम जैन शोभा सुलेखा अस्था किट्टू अंशी प्राची अल्पना मनाली बोली कोपल सहित समस्त समाज जन उपस्थित रहे।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर मुस्लिम समाज में भारी उत्साह, मस्जिदों को आकर्षक लाइटों से सजाया

**हटा।** आगामी 5 सितंबर को जश्ने ईद मिलादुन्नवी सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम मनाया जाएगा जिसको लेकर मुस्लिम समाज में भारी उत्साह है। हटा नगर में मस्जिदों के आसपास सड़कों को घरों-दुकानों समेत प्रमुख स्थानों पर विशेष साज-सज्जा, बिजली झालर, बैनर एवं इस्लामी झंडे आदि लगाकर मस्जिद चौराहा से छोटी मस्जिद, मदर चिल्ला मस्जिद, अंधियारा बगीचा तक समूचे सड़क मार्ग को सजाया गया है। इस दिन जुलूस-ए-मोहम्मदी पूरी शानो शौकत के साथ निकाला जाएगा। जामा मस्जिद कमेटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुस्तफा जाने रहमत मोहम्मद सल्लल्लाहो सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के यौमे विलादत के मुबारक मौके पर 5 सितंबर शुक्रवार को सुबह बाद नमाज फजर मु-ए-मुबारक शरीफ का गुस्ल, ज्यारत, सलातो सलाम व दुरूदख्वानी होगी। इस साल भी सुबह 9.30 बजे मदार चिल्ला मस्जिद से जुलूस ए-मोहम्मदी निकलेगा जो खचना नाका, अंधियारा बगीचा से होते हुए जामा मस्जिद पहुंचेगा जहां से बड़ा बाजार रतन बजरिया चंडी जी नायक तिगडडा से पुनः मदार चिल्ला स्थित मस्जिद प्रांगण में समापन होगा।

## खबर संक्षेप

### आज धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान वामन देव प्राकट्योत्सव

**दमोह।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी को भगवान विष्णु के पांचवे अवतार भगवान वामन देव का प्राकट्योत्सव पूर्ण भक्ति भाव एवं धूमधाम से मनाया जाएगा, प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि आज प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक सुंदरकांड, हवन, पूजन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर बाद 2:00 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। शाम 5:30 बजे से सिविल वार्ड नं. 4 में स्थित शिव पार्वती मंदिर प्रांगण से भगवान वामन देव जी की भव्य शोभा यात्रा प्रस्थान करेगी जो कोऑपरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टैंड चौराहा, एवरेस्ट लॉज चौराहा, घंटाघर, जिला अस्पताल चौराहा, कोऑपरेटिव बैंक चौराहा से होती हुई इसी शिव पार्वती मंदिर में संपन्न होगी एवं शाम 7:30 बजे विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### निः शुल्क हृदय रोग जॉच शिविर 4 सितम्बर को

**दमोह।** 4 सितम्बर दिन गुरूवार को जिला चिकित्सालय दमोह में निःशुल्क हृदय रोग जांच व शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से 1 बजे तक किया जायेगा। सीएमएचओ डॉ. आर.के.अठ्या ने बताया कि ऐसे मरीज जिन्हें सांस फूलना, अनियमित दिल की तेज धड़कन, सीने में दर्द, बेचैनी, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना, बेहोशी, असामान्य थकान, आदि लक्षण होते हो तो ऐसे मरीज शिविर में आकर अपनी जांच करा सकते है। सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल ने बताया कि शिविर डॉ. राय सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल सागर मकरोनिया द्वारा निःशुल्क लगाया जा रहा है। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों की जांच की जायेगी। डॉ. अठ्या ने अधिक से अधिक हितग्राहियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की।

### महिला ने दो बेटियों के साथ फांसी लगाकर की थी आत्महत्या

# पति और ससुर को पांच साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर की एक हृदय विदारक घटना में, अपनी दो मासूम बेटियों के साथ आत्महत्या करने वाली एक महिला के पति और ससुर को दमोह के अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गुप्ता ने दोषी ठहराया है। अदालत ने भादवि की धारा 306 के तहत दोनों को 5 साल का कठोर कारावास और एक,एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला मृतक लता और उसकी बेटियों इशिका (5) और रिया (2) की दुखद मौत के बाद आया है, जिसमें महिला ने अपनी पुत्रियों सहित 2 नवंबर 2022 को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी।



#### मामले का विवरण

अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे सरकारी वकील राजीव बद्री सिंह ठाकुर के अनुसार, लता का विवाह आरोपी हाकम उर्फ चीनू रजक से हुआ था, जिसके पिता दामोदर रजक हैं। शादी के बाद से ही, लता को दहेज की मांग के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। दो बेटियों के जन्म के बाद यह प्रताड़ना और भी बढ़ गई। आरोपी हाकम लता पर बेटियों को लेकर तरह-तरह के लांछन लगाता था और उसके साथ मारपीट करता था।

#### प्रताड़ना से तंग आकर की आत्महत्या

प्रताड़ना से तंग आकर लता कुछ समय पहले अपनी बेटियों के साथ मायके चली गई थी। 30 अक्टूबर 2022 को उसके ससुर दामोदर रजक उसे वापस लेने आए और वादा किया कि अब उसे कोई परेशान नहीं करेगा। इस आश्वासन पर विश्वास करके लता के माता-पिता ने उसे वापस ससुराल भेज दिया। हालांकि, घर पहुंचते ही आरोपीगण ने फिर से लता को परेशान करना शुरू कर दिया, जिससे वह टूट गई और आखिरकार उसने अपनी दो बेटियों के साथ फांसी लगा ली।

#### अदालत का फैसला

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया। अभियोजन पक्ष ने अपने दावे को सिद्ध करने के लिए 14 गवाह पेश किए। वहीं, बचाव पक्ष ने दो गवाहों के साथ यह तर्क दिया कि लता मिर्गी की मरीज थी और इसी वजह से उसने आत्महत्या की। लेकिन, न्यायाधीश ने इस तर्क को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि मिर्गी के दौरे में व्यक्ति बेहोश हो जाता है, ऐसे में वह खुद और अपनी बेटियों को फांसी नहीं लगा सकती। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि अगर आरोपियों के लता से मधुर संबंध होते, तो वह बीमारी के बावजूद आत्महत्या क्यों करती। न्यायालय ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को विश्वसनीय माना और आरोपियों को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी पाते हुए कठोर दंड सुनाया।

## कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले पीएमश्री विद्यालय के प्राचार्य को नोटिस जारी

**हटा।** पदस्थापना उपरांत हमेशा से ही लापरवाही बरतने की सुर्खियों में रहने वाले हटा पीएमश्री एमएलबी विद्यालय के प्राचार्य बीपी ठाकुर को अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कलेक्टर द्वारा जारी किया नोटिस में उल्लेख किया गया है कि प्राचार्य बीपी ठाकुर द्वारा एजूकेशन पोर्टल 3.0 पर नामांकन एवं प्रोफाईल अपडेट का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है एवं शासकीय कार्यों को शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप समयावधि में पूर्ण नहीं कर वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश/निर्देशों की अवहेलना करना एवं अधिनस्थ कर्मचारियों की समस्याओं का निदान समयावधि में न करना बताया गया जिससे प्राचार्य द्वारा उक्त कृत्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, स्वैच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता का द्योतक है। अतः उक्त परिपेक्ष्य में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 16 के तहत आपको ₹कारण बताओ सूचना पत्र₹ जारी कर सात दिवस के अंदर साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया गया एवं समयावधि में प्रतिउत्तर प्राप्त न होने अथवा प्राप्त उत्तर समाधान कारक न होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किए जाने का आदेश जारी किया गया। उल्लेखनीय हैं कि एमएलबी प्रचार्या बीपी ठाकुर को विगत कुछ महीनों पहले कमिश्नर द्वारा निलंबित किया गया था लेकिन 3 महीने बाद बहाल होने पर पुनः इसी विद्यालय में द्वारा पद पदस्थ किए जाने इनके द्वारा की जा रही लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। जबकि इनके द्वारा अन्य जिले में हुई निलंबन अवधि के दौरान बिना वरिष्ठ अधिकारियों की स्वीकृति के हटा में संकुल प्राचार्य एवं प्रभारी सीईओ के पद का दुरुपयोग कर स्वयं का वेतन भुगतान किया गया था जो काफी सुर्खियों में रहा इसके अलावा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को परेशान करने की शिकायतें, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों जैसे कई अन्य मामलों में लापरवाही करना इनकी आदत में शुमार है। लेकिन अब देखना होगा कि प्राचार्य बीपी ठाकुर द्वारा पुनः की गई लापरवाही पर कलेक्टर क्या कार्यवाही करते हैं।

# शिक्षक संघ की मुख्यमंत्री जी के साथ वार्ता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से उनके भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय संगठन मंत्री हिम्मतसिंह जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय राउत, प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पुनी, सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा एवं प्रांतीय पदाधिकारी रामरतन सिंह चौहान, विनय सिंह, महेंद्र जैन, श्रीमती संध्या नाइक, अनिल सिंह मुक्तावत, नागेश पांडेय सम्मिलित रहे। मुख्यमंत्री जी से नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, चतुर्थ समयमान वेतनमान, शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा, ई अटेंडेंस ऐप की विसंगतियों सहित सभी 27 बिंदुओं के समाधान पर चर्चा की गई। शिक्षकों को 10 दिवसीय अर्जित अवकाश दिए जाने, 1 सितंबर को संपन्न "हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान" के कार्यक्रम में शासन द्वारा दिए गए सहयोग के लिए संगठन ने माननीय मुख्यमंत्रीजी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के ज्ञापन पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डा. संजय गोयल प्रमुख सचिव के साथ बैठक करवाकर निराकरण की दिशा में कार्य करने हेतु आश्वस्त किया। संगठन की चर्चा से इन बिंदुओं में से शिक्षक हितेषी कुछ घोषणाएं माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शिक्षक दिवस पर किया जाने की पूर्ण संभावना है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने संगठन के प्रांत स्तर के विशाल सम्मेलन में आने हेतु भी स्वीकृति प्रदान की। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष श्री क्षत्रवीर सिंह जी राठौर के नेतृत्व में अखिल भारतीय ओर प्रांतीय पदाधिकारी शिक्षकों के हितों के लिए हमेशा संघर्षरत व प्रयासरत रहते है, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई दमोह जिलाध्यक्ष कमलेश सेन, संभाग अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन, संभाग प्रभारी महेंद्र कुमार जैन, एलपी चौरसिया, पारस जैन, आर बी सिंह, अरविंद चौराहा, नीतेश पाठक, संजय पाठक, सरिता पाठक, दीपमाला जैन, मनीष भारद्वाज, प्रदीप अग्रवाल, प्रमोद जैन, निशा चौकसे, महेश गुप्ता, संदीप सोनी, भागचंद जैन, संदीप जैन, अरविंद पटेल, आदि सभी ने अखिल भारतीय व प्रांतीय पदाधिकारियों का आभार मानते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।



## कांच मंदिर में हो रहे विविध आयोजन



**दमोह।** दशलक्षण महापर्व पर श्री दिगम्बर जैन कांच मंदिर जी में प्रातः काल में दोनों वेदियों पर अभिषेक शांतिधारा के साथ संगीतमय पूजन विधान चल रहा है। सांगानेर से पधारे हमारे विद्वान विनय भैया जी द्वारा रात्रि 7:30 बजे से दसलक्षण धर्म के प्रत्येक दिवस के विषय पर सारगर्भित प्रवचन से श्रावकगण धर्म के अनुरूप अपने आचार विचार अपनाने की प्रेरणा ले रहे है। संगीतमय संध्या आरती के पश्चात पाठशाला के बच्चों द्वारा, महिला परिषद इंद्राणी शाखा, महिला परिषद आदिनाथ शाखा ओर महिला जैन मिलन शाखा कांच मंदिर दमोह द्वारा प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे है। वैराग्य का देवता नाटक, सास-बहु नाटक, भजन प्रतियोगिता, धार्मिक हथकरघा ड्रेस प्रतियोगिता, धार्मिक तंबोला, आरती प्रतियोगिता, प्रश्नमंच प्रतियोगिता, वृद्धजनों का सम्मान सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कांच मंदिर प्रबंधकारिणी समिति, श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन कांच मंदिर दमोह अध्यक्ष सतीश जैन (कल्लन भैया) सहित सभी पदाधिकारियों ने सकल जैन समाज सहित जैनेतर धार्मिक सामाजिक अतिथियों से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है।

### नागनाथ और सत्यवान सावित्री की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र



**हटा।** उपकाशी में गणेशोत्सव की धूम मची हुई है गणेश पंडालों में रोजाना विवेक आयोजन समितियां द्वारा कराया जा रहे हैं इसी श्रृंखला में सुनार नदी के नावघाट पर श्री बिहारी जी सरकार सेवा समिति द्वारा पूर्व की भांति गणेश स्थापना की गई जहां समिति द्वारा सुनार नदी में रोजाना आकर्षित साज सज्जा के साथ अनुपम झांकियां सजाई जा रही है जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मंगलवार की रात्रि 8:30 बजे भगवान गणेश की आरती उपरांत कल कल वह रही सुनार नदी की धार के बीच नागनाथ एवं सत्यवान सावित्री की मनमोहक अनुपम झांकी सजाई गई जिसे देखने नगर के लोगों की भीड़ देर रात्रि तक लगी रही। इसके अलावा नगर के नवोदय वार्ड ककराई एरिया में चा राजा गणेश उत्सव समिति द्वारा पंडाल में रोजाना विविध धार्मिक आयोजन किया जा रहे हैं मंगलवार की रात्रि समिति द्वारा पंडाल में भगवान श्री राम सीता लक्ष्मण की अलौकिक भव्य झांकी सजाई गई इसी के साथ भक्तों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन कर भजन कीर्तन किया गया। जहां धर्म लाभ लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## उर्वरकों के अग्रिम भंडारण एवं वितरण हेतु बैठक का आयोजन

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन पर रबी 2025 में उर्वरकों के अग्रिम भंडारण एवं वितरण हेतु सेवा सहकारी समितियों की बैठक का आयोजन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की सभा कक्ष में किया गया। जिसमें उपसंचालक कृषि जी.एल. अहिरवार, सहायक संचालक कृषि जे.एल.प्रजापति, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक संजय हजारी, जिला विपणन अधिकारी इन्द्रपाल सिंह राजपूत एवं सभी समितियों के समिति प्रबंधक उपस्थित हुए सभी समितियां को रबी 2025 हेतु उर्वरक के अग्रिम उठाव एवं किसानों को वितरण 15 सितंबर तक किए जाने के निर्देश दिए गए।

### 06, 07 और 30 सितंबर को मांस मछली विक्रय पर निषेध

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने सितंबर माह में आने वाले प्रमुख त्योहारों एवं पर्वों को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार 06 सितंबर अनंत चतुर्दशी , 07 सितंबर पर्यूषण पर्व का अंतिम दिन, 30 सितंबर दशहरा (महाष्टमी) को दमोह जिले की राजस्व सीमा के अंतर्गत समस्त पशुवध गृह एवं मांस-मछली विक्रय की दुकानों का संचालन पूरी तरह से बंद रहेगा। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि आदेश का उल्लंघन होता है, तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए नागरिक दमोह हेल्पलाइन नंबर 07812-350300 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## इमलियाघाट के दो प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**दमोह।** जिला शिक्षा अधिकारी एस.के नेमा ने बताया कि दमोह नायब तहसीलदार ने 28 अगस्त को सुबह 11 बजे शासकीय प्राथमिक शाला कछवारा वार्ड संकुल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलियाघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय बंद पाया गया और संस्था में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक सुमित्रा अठया, हरिशंकर द्विवेदी अनुपस्थित पाये गये। ग्रामीणजनों ने शिकायत की कि विद्यालय अक्सर 11 बजे के बाद ही खुलता है और समय से पूर्व बंद कर दिया जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और शालेय गतिविधियाँ प्रभावित होती हैं। उन्होने ने बताया कि जाँच में यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत पाया गया। आदेशों की अवहेलना, शाला से अनाधिकृत अनुपस्थिति, लापरवाही एवं कार्य के प्रति उदासीनता को देखते हुए श्रीमती अठया, श्री द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड दमोह निर्धारित किया गया है। उन्हें शासन नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

## कांग्रेस की बैठक का आयोजन



**तेजगढ़।** दमोह जिला अंतर्गत जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेजगढ़ में 3 दिसंबर 2025 को पूर्व विधायक प्रताप सिंह की अध्यक्षता और कार्यक्रम के नियुक्त जिला प्रभारी परम सिंह यादव बैठक प्रभारी गोविंद तिवारी ने तेजगढ़ उप ब्लॉक अध्यक्ष और मंडलम सेक्टर अध्यक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर सभी को 7 दिसंबर 2025 को दमोह में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आगमन कार्यक्रम में सभी को जाने के लिए कहा। बैठक में सभी ने अपने-अलग-अलग सुझाव दिए। कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा की। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ यादव, मंडलम अध्यक्ष हीरा सिंह, सरपंच दीवान राजेंद्र सिंह, राजू भैया, इंद्रपाल सिंह ठाकुर, अध्यक्ष महेश अहिरवाल, कोमल सिंह, मोहन सिंह, गांधी सिंह, कैलाश सेठ, गुब्बा खान और कांग्रेस कार्यकर्ता ने बैठक में भाग लिया।

## कुछ पाने की इच्छाओं का खत्म हो जाना ही तप का वास्तविक स्वरूप

**तेन्दूखेड़ा।** नगर में पर्यूषण पर्व के अवसर पर भगवान पाशर्र्वनाथ जिनालय, शांतिनाथ जिनालय एवं चैत्यालय जी में संगीतमय अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित हो रहे है। दशलक्षण पर्व पर पाशर्र्वनाथ जिनालय के समोशरण हाल में सुवह साढे 6 बजे से मुनिश्री प्रयोग सागर जी के सानिध्य में भगवान श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा पूजन हो रहा है। सुबह 8 बजे से नगर में विराजमान मुनिवर प्रयोगसागर जी से मंगल प्रवचन का लाभ ले रहे है। उत्तम तप पर मुनिश्री ने अपने प्रवचन में कहा की तप क्या है?



आज संसार में तप की अनेक परिभाषा हैं, किंतु साधको को तप वही बताया गया है जिसमें उसके अंतरंग परिणाम निर्मल हों, आचार्यो ने तप की स्पष्ट परिभाषा शास्त्रों में दी है इच्छा निरोधरू तपरू अर्थात इच्छाओं को रोकना एवं श्मन करना ही तप है, कितना भी तप है किंतु आपकी इच्छायें अभी भी सीमित नहीं है तो हर तप शून्य है, आज तक जितने भी जीव सिद्ध बने हैं उन्होंने इस तप का आश्रय लिया है, आगे भी जो बनेंगे वो इसी तप से बनेंगे, तप में संसार की कोई मांग नहीं होती, भगवान से कुछ पाने की इच्छाओ का खत्म हो जाना ही तप का वास्तविक स्वरूप है। उक्त उदगार सुनकर श्रावक वर्ग ने अपना मार्गदर्शन लिया। इसके अलावा तत्वार्थ सूत्र जी का वाचन हुआ। शाम 6 बजे से आचार्य भक्ति एवं रात 8 बजे से प्रतियोगिता हुए साथ ही महाआरती आरती की गई।

### पटवारी दमोह खास श्री पटेल निलंबित

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पटवारी शिवशंकर पटेल तत्कालीन पटवारी हल्का 31, 32 दमोह खास तहसील दमयंती नगर दमोह को मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जारी आदेश के मुताबिक निलंबन अवधि में पटवारी शिव शंकर पटेल का मुख्यालय तहसील कार्यालय हटा नियत किया गया है। निलंबन काल में पटवारी श्री पटेल को जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। जारी आदेश के मुताबिक पटवारी शिवशंकर पटेल अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया है।

## जनपद सदस्यों का सम्मेलन बना मजाक



**हटा।** हटा जनपद पंचायत कार्यालय में बुधवार को कलेक्टर के आदेशानुसार जनपद क्षेत्र के सदस्यों का सम्मेलन रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम राकेश मरकाम द्वारा तहसीलदार उमेश तिवारी, तहसीलदार शिवराम चढ़ार,मास्टर ट्रेनर माधव पटेल,मुकेश गुजरे एवं जनपद हटा सीईओ संजीव गोस्वामी की मौजूदगी में आयोजित किया गया जिस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा लेकिन निर्धारित समय तक जनपद कार्यालय में एक भी जनपद सदस्य के प्रक्रिया में भाग नही लेने के कारण रिटर्निंग अधिकारी राकेश मरकाम ने प्रोसिडिंग कार्यवाही कर वरिष्ठ अधिकारियों को कार्यवाही भेजी। दरअसल हटा जनपद पंचायत क्षेत्र के सदस्यों ने जनपद उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव रखने के लिए कलेक्टर दमोह के समक्ष विगत दिनों प्रस्ताव रखा था जिसके तारतम्य में विधिक प्राधिकारी द्वारा 3 सितंबर बुधवार को बैठक बुलाई गई लेकिन तय समय सीमा में कोई भी जनपद सदस्य बैठक में नही पहुंचा जहां निर्धारित समय उपरांत रिटर्निंग अधिकारी द्वारा कार्यवाही तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई। उल्लेखनीय है कि इस पंचवर्षीय में जनपद अध्यक्ष के निर्वाचन उपरांत से ही हटा जनपद विवादों से घिरी चली जा रही है जहां पूर्व जनपद अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पटेल को न्यायालय द्वारा सजा सुनाई जाने पर अध्यक्ष पद रिक्त हो गया उसके उपरांत जनपद सदस्य गंगाराम पटेल को अध्यक्ष बनाया गया इसके उपरांत जनपद उपाध्यक्ष विवादों में आ गए और जनपद सदस्यों ने एक राय होकर कलेक्टर के समक्ष जनपद उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव रखा और अब जब बुधवार को नए उपाध्यक्ष बनाए जाने के लिए बैठक आयोजित की गई तो प्रक्रिया के दौरान कोई भी जनपद सदस्य शामिल नहीं हुए जबकि जनपद सदस्यों द्वारा ही अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कलेक्टर के समक्ष मांग रखी गई थी। लेकिन अब हटा जनपद की राजनीति में क्या नया मोड़ आने वाला है इसकी चर्चाएं जोरों पर है जिसमें जनपद उपाध्यक्ष पद को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

# डीएपी का विकल्प इफको ने की कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर द्वारा अग्रिम खाद भंडारण की समीक्षा के दौरान डी ए पी की स्थिति को देखते हुए विकल्प के रूप में इफको को किसानों के बीच जा कर विशेष जानकारी के निर्देश दिए। सहकारी समितियों से किसानों को शाखा पटेरा के मुख्यालय सहकारी समिति पटेरा में बुधवार को इफको द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। शाखा पटेरा पव्रंधक जितेंद्र द्विवेदी ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों में पूर्व अध्यक्ष पत्रकार नरेंद्र जैन बजाज, अरविंद ताम्रकार, नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, उन्नति शील कृषक तीरथ पटेल, शाखा पर्यवेक्षक दिनेश गर्ग उपस्थित रहे। इफको से आये द्वय प्रतिनिधि संदीप पटैल एवं देवी सिंह ठाकुर ने उपयोग के तरीके एवं होने वाले लाभ के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी। इसमें नेनो डीएपी का प्रयोग बीज उपचार में एक क्विंटल बीज में बाटल का उपयोग करते है। फसल के 30 35 दिन की होने पर नैनो डीएपी व यूरिया प्लस उपयोग किया जाता है। किसानों द्वारा पूंछे गये प्रश्नो के उत्तर देकर उनकी शंकाओं का निराकरण किया। आभार पटेरा समिति प्रबंधक वीरेन्द्र दुबे ने किया। इस अवसर पर समिति प्रबंधको में किशुन प्यासी, अभिषेक पाठक, साहू व उनके साथ आये कृषकगण उपस्थित रहे। पटेरा समिति से मोहन विश्वकर्मा लटोरी चौरसिया, हरीसींग, अभिषेक सोनी, जाहर सींग, व बलराम पटैल व्यवस्थाओं में सक्रिय रहे।

## क्लस्टर स्तरीय खेलों में डीएवी ज्ञानोदय ने लहराया परचम

**दमोह।** जे. पी. वी. और कैल्डेरीज़ डीएवी पब्लिक स्कूल, कटनी दोनों स्कूलों में संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता में डी.ए.वी. ज्ञानोदय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 127 पदक हासिल किए, जिनमें 62 स्वर्ण, 54 रजत और 11 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ डीएवी ज्ञानोदय विद्यालय समग्र रूप से मध्य प्रदेश जोन-सी का उपविजेता रहा, और लड़कों की टीम ने भी उपविजेता का खिताब जीता।इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के 14 डी.ए.वी. स्कूलों ने हिस्सा लिया था, जिसमें डीएवी ज्ञानोदय के 105 खिलाड़ियों (36 लड़कियाँ और 69 लड़के) ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. कुर्मवंशी और खेल शिक्षकों श्री देवेंदु देव शिखधर व श्री मोहित पाण्डेय के मार्गदर्शन में, खिलाड़ियों ने बैडमिंटन, रस्सी कूद, दौड़,कबड्डी और योगा जैसी प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया। विशेष रूप से, नमन उपाध्याय को बैडमिंटन में उनके असाधारण खेल के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, सहायक क्षेत्रीय निदेशक श्री एस.के. सिन्हा ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री सुरेश दुबे जी ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि डीएवी ज्ञानोदय के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी श्रेष्ठ हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। प्राचार्य आर.पी. कुर्मवंशी जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने इस जीत को संभव बनाया है। आइए हम सभी मिलकर भविष्य में और भी बड़ी सफलताओं की ओर बढ़ें और अपने स्कूल को गौरवान्वित करते रहें।



### आरआई को कारण बताओ नोटिस जारी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने तहसील दमयंती नगर दमोह के राजस्व निरीक्षक गौरी शंकर अहिरवार को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 03 दिवस के भीतर अपना जवाब समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर समाधान कारक नहीं पाए जाने अथवा समय सीमा में प्राप्त न होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। ज्ञातव्य है कि तत्कालीन हल्का पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत भिन्नता पूर्ण प्रतिवेदनों के कारण राजस्व अभिलेखों की विश्वसनीयता पर विपरीत प्रभाव पड़ा और संबंधित आवेदक का कंप्यूटर में नक्शा बटांक कार्य नहीं हो पाया।